भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 3187

गुरूवार, 27 मार्च, 2025/6 चैत्र, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**तेलंगाना में विरासत, पारिस्थितिकी और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा**

**3187 श्री के.आर. सुरेश रेड्डी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तेलंगाना में, विशेष रूप से रामप्पा मंदिर, यादाद्री, बसर सरस्वती मंदिर में विरासत, पारिस्थितिकी और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या पहल की गई है और उसमें अब तक क्या प्रगति हुई है;

(ख) वारंगल किला, हजार स्तंभ मंदिर, कालेश्वरम जैसे प्रमुख ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों को जोड़ने वाले एकीकृत पर्यटन परिपथ विकसित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) तेलंगाना में पर्यटन परियोजनाएं, उनकी समयसीमा और अपेक्षित सामाजिक-आर्थिक प्रभाव सहित ब्यौरा क्या है; और

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान केंद्रीय राज्य योजनाओं के अंतर्गत तेलंगाना में पर्यटन अवसंरचना के लिए कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग की गई है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): विरासत, पारिस्थितिकी और आध्यात्मिक पर्यटन सहित पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से तेलंगाना में विरासत, पारिस्थितिकी और आध्यात्मिक पर्यटन सहित देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन कर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने प्रशाद योजना के तहत 62.00 करोड़ रुपये की लागत वाली "रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर में तीर्थस्थल और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास" नामक परियोजना को मंजूरी दी है।

भारत सरकार ने वैश्विक स्तर के प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास के लिए पूंजी निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना से संबंधित दिशानिर्देशों के तहत 73.74 करोड़ रुपये की लागत वाली "रामप्पा में रामप्पा क्षेत्र सतत पर्यटन परिपथ" नामक परियोजना को मंजूरी दी है।

वारंगल किला, हजार स्तंभ मंदिर, कालेश्वरम जैसे प्रमुख ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों को जोड़ने वाले एकीकृत पर्यटन परिपथ का विकास करने से संबंधित कोई प्रस्ताव पर्यटन मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है। तथापि,  स्वदेश दर्शन योजना के तहत पर्यटन मंत्रालय ने विभिन्न परिपथों के तहत विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग) और (घ):  उपर्युक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाएं संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन/केंद्रीय एजेंसियों द्वारा कार्यान्वित की जाती हैं। पर्यटन मंत्रालय नियमित रूप से परियोजना की प्रगति की निगरानी करता है और संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन/केंद्रीय एजेंसियों को समयबद्ध रुप से परियोजनाओं को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित भी करता है।

अपनी चालू योजनाओं के माध्यम से, पर्यटन मंत्रालय का लक्ष्य अवसंरचना के विकास के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाकर देश के पर्यटन परिदृश्य का विस्तार करना है, जिसके परिणामस्वरूप रोजगार के अवसर उत्पन्न होगें और स्थानीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि होगी।

पर्यटन मंत्रालय की केंद्रीय क्षेत्र योजनाओं के अंतर्गत तेलंगाना में स्वीकृत परियोजनाओं के साथ-साथ आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*******

**अनुबंध**

श्री के.आर. सुरेश रेड्डी द्वारा तेलंगाना में विरासत, पारिस्थितिकी और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा के संबंध में दिनांक 27.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 3187 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**तेलंगाना राज्य में प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के लिए जारी और उपयोग की गई निधियों की स्थिति:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत लागत** | **पिछले 3 वर्षों और चालू वर्ष में जारी की गई निधियां** | | | | **जारी की गई कुल राशि** | **उपयोग की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **वित्तीय वर्ष 21-22** | **वित्तीय वर्ष 22-23** | **वित्तीय वर्ष 23-24** | **वित्तीय वर्ष 24-25 (21.03.2025 तक)** | | |
| 1 | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 38.90 | 10.27 | 3.49 | 9.58 | 9.73 | 33.07 | 23.34 |
| 2 | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 | - | - | 12.82 | 19.91 | 32.73 | 12.65 |
| 3 | भद्राचलम, भद्राद्री कोठागुडेम जिले में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 | - | - | 8.43 | 0.00 | 8.43 | 2.12 |
| | **कुल** | | **142.28** | **10.27** | **3.49** | **30.83** | **29.63** | **74.23** | **38.11** |

**तेलंगाना राज्य में स्वदेश दर्शन के तहत स्वीकृत परियोजनाओं के लिए जारी और उपयोग की गई निधियों की स्थिति:**

**(लाख रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **पिछले 3 वर्षों में जारी राशि** | | | | **जारी की गई कुल राशि** | **उपयोग की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **वित्तीय वर्ष 21-22** | **वित्तीय वर्ष 22-23** | **वित्तीय वर्ष 21-2** | **वित्तीय वर्ष 24-25 (21.03.2025 तक)** | | |
| 1 | महबूबनगर जिले (सोमासिला - सिंगोतम - अक्का | 9162.10 | - | 420.93 | - | - | 9124.93 | 9162.10 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | महादेवी - कदली वनम - उमा महेश्वरम - फरहाबाद - मल्लेलातीर्थम - श्रीशैलम) में इको-टूरिज्म सर्किट का एकीकृत विकास (2015-16) | | | | | | | |
| 2 | मुलुगु-लक्नावरम-मेदावरम- तडवई-दमरवी- मल्लूर-बोगाथा जलप्रपात का विकास (2016-17) | 7987.20 | - | 399.36 | - | - | 7987.20 | 7987.20 |
| 3 | कुतुब शाही हेरिटेज पार्क- पैगाह मकबरे-हयात बख्शी मस्जिद-रेमंड का मकबरा का विकास (2017-18) | 9689.90 | - | - | - | - | 7061.02 | 9061.02 |

**तेलंगाना राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं के लिए जारी और उपयोग की गई निधियों की स्थिति:** **(लाख रु. में)**

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>परियोजना का नाम</th><th>स्वीकृत राशि</th><th>वर्षवार जारी की गई राशि</th><th>उपयोग की गई राशि</th></tr>
<tr><td>1</td><td>इको-टूरिज्म एक्सपीरियंस अनंतगिरी</td><td>3800.60</td><td><table><tr><td>क्र.सं.</td><td>किश्त</td><td>कुल राशि (लाख रु. में)</td><td>तिथि</td></tr><tr><td>1</td><td>पहली</td><td>380.06</td><td>15.01.2025</td></tr></table></td><td>0.00</td></tr>
</table>

**तेलंगाना राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के लिए जारी और उपयोग की गई निधियों की स्थिति:**

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>परियोजना का नाम</th><th>स्वीकृत राशि (लाख रु. में)</th><th>वर्षवार जारी की गई राशि</th><th>उपयोग की गई राशि (लाख रु. में)</th></tr>
<tr><td>1</td><td>बुद्धवनम, नलगोंडा में</td><td>2484.92</td><td><table><tr><td>क्र.सं.</td><td>किश्त</td><td>कुल धनराशि (लाख रु. में)</td><td>तिथि</td></tr></table></td><td>0.00</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td></td><td>डिजिटल अनुभव केंद्र का विकास</td><td></td><td><table><tr><td>1</td><td>पहली</td><td>248.49</td><td>17.03.2025</td></tr></table></td><td></td></tr>
<tr><td>2</td><td>निजाम सागर, कामारेड्डी में इको-टूरिज्म परियोजना का विकास</td><td>997.95</td><td><table><tr><td>क्र.सं.</td><td>किश्त</td><td>कुल धनराशि (लाख रु. में)</td><td>तिथि</td></tr><tr><td>1</td><td>पहली</td><td>99.79</td><td>17.03.2025</td></tr></table></td><td>0.00</td></tr>
</table>

**तेलंगाना राज्य में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं के लिए जारी और उपयोग की गई निधियों की स्थिति:**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | वर्षवार जारी की गई राशि | उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रामप्पा क्षेत्र रामप्पा में सतत पर्यटन सर्किट | 73.74 | व्यय विभाग ने दोनों परियोजनाओं के लिए नवंबर 2024 में 93.61 करोड़ रु. की स्वीकृत परियोजना लागत का 66% जारी किया है। | 0.00 |
| 2 | नल्लामाला में सोमसिला वेलनेस एंड स्पिरिचुअल रिट्रीट" | 68.10 | | 0.00 |

**तेलंगाना राज्य में अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के लिए जारी और उपयोग की गई निधियों की स्थिति:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृति लागत | कुल रिलीज | पिछले 3 वर्षों और चालू वर्ष में जारी की गई निधियां | | | | प्रस्तुत किये गए कुल यूसी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | वित्तीय वर्ष 21-22 | वित्तीय वर्ष 22-23 | वित्तीय वर्ष 23-24 | वित्तीय वर्ष 24-25 (21.03.2025 तक) | |
| 1 | संजीवैया पार्क में वाटर स्क्रीन और म्यूजिकल फाउंटेन के साथ मल्टीमीडिया लेजर शो | अक्टूबर'22 | 50 | 40.90 | 4.90 | 15.00 | 6.00 | 15.00 | 29.79 |
| 2 | ऑस्मानिया कला | दिसम्बर'22 | 11.8 | 9.43 | 5.90 | 3.53 | - | - | 9.26 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | विश्वविद्यालय में डिजिटल मल्टीमीडिया प्रौद्योगिकी और प्रकाश व्यवस्था की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग | | | | | | | | |
| 3 | काचेगुडा रेलवे स्टेशन हेरिटेज बिल्डिंग के अग्रभाग में प्रकाश व्यवस्था। | जनवरी'24 | 3.41 | 2.24 | - | - | 0.34 | 1.90 | 0.98 |
| 4 | हैदराबाद रेलवे स्टेशन | फरवरी'17 | 4.41 | 3.52 | - | - | - | - | 2.20 |

*******